हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


13 वोकल फॉर लोकल' पर चैंबर ऑफ कॉमर्स की ...





14 सांसद खेल महोत्सव से ग्रामीण प्रतिभाओं ...








## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान विगत 12 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहा है। भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782. **पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**




Advt.


**खबर संक्षेप**

### आबकारी विभाग की कार्रवाई 144 लीटर अवैध शराब जब्त



**बलौदाबाजार ।** आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 144 बल्क लीटर अवैध शराब जब्त बलौदाबाजार। आबकारी आयुक्त के निर्देश तथा कलेक्टर और जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। बलौदाबाजार वृत्त के लवन थाना अंतर्गत ग्राम जुड़ा में दबिश देकर टीम ने आरोपी परमेश्वर खूंटे पिता हुसैन खूंटे (निवासी जुड़ा) के कब्जे से 800 पाव (144 बल्क लीटर) अवैध विदेशी मदिरा गोवा व्हिस्की जब्त की। जब्त मदिरा का बाजार मूल्य लगभग 96 हजार रुपये आंका गया है। आबकारी विभाग ने आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59(क) एवं 36 के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम, दिनेश कुमार साहू, पी. माधव राव, मुख्य आरक्षक राधा गिरी गोस्वामी एवं नगर सैनिक राजकुमारी पैकरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विभाग द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है।

### पत्रकार संघ अर्जुनी रवान का हुआ गठन



**अर्जुनी।** विश्राम गृह अर्जुनी में 4 अक्टूबर को पत्रकार संघ अर्जुनी रवान का बैठक संपन्न हुआ। जिसमें पत्रकार संघ का निर्विरोध चुनाव किया गया। इस निर्विरोध चुनाव में पत्रकार संघ के अध्यक्ष गणेश शर्मा रवान एवं उपाध्यक्ष मिथिलेश सेन अर्जुनी, सचिव रुपेश कुमार वर्मा अर्जुनी तथा कोषाध्यक्ष तामेश्वर साहू रवान को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। पत्रकार संघ के अध्यक्ष गणेश शर्मा ने कहा कि आज जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है। उसे पत्रकार हित मे कार्य करूंगा। इस अवसर मे रमेश मारकंडे, कमलेश रजक, संजय रजक व अन्य पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

### युवक से मारपीट, आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** युवक के साथ मारपीट के मामले में बागबाहरा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बागबाहरा का अर्जुन बन गोस्वामी 5 अक्टूबर की रात लगभग 8/30 बजे अपने दोस्तों के साथ नाला किनारे लालपुर बागबाहरा में बैठकर मोबाइल देख रहा था, तभी पुरानी रंजिश को लेकर चमन साहू अपने दोस्तों के साथ आया और गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का एवं किसी धारदार वस्तु से मारपीट किया।

**हादसा :** व्यापारी और नगरवासी मांग रहे स्थायी फायर ब्रिगेड सुविधा


# शिवरीनारायण बॉम्बे मार्केट में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गिधौरी



- तीन दुकानें और ठेले आग की चपेट में
- दमकल की देर से पहुंचने से आग ने विकराल रूप लिया
- आपात समीक्षा बैठक में प्रशासन ने जल्द राहत और अग्निशमन सुविधा का आश्वासन दिया

शिवरीनारायण नगर के बॉम्बे मार्केट में कल देर रात भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी तेज़ी से फैली कि देखते ही देखते तीन दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गईं और लाखों रुपये का सामान राख की ढेर में तब्दील हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सबसे पहले आग बॉम्बे शू हाउस में लगी, जो कुछ ही मिनटों में पास की दो अन्य दुकानों, चित्रा इलेक्ट्रॉनिक्स और कलकत्ता होजरी एवं बॉम्बे साड़ी सेल तक फैल गई। आग की चपेट में एक पान ठेला और साइकिल ठेला भी पूरी तरह नष्ट हो गया, सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना





दी दमकल की गाड़ियां लगभग एक घंटे की देरी से मौके पर पहुंचीं, इस बीच आग ने विकराल रूप ले लिया, बाद में शिवरीनारायण पुलिस, होमगार्ड जांजगीर, न्यूवोको सीमेंट पावर प्लांट, केएसके पावर प्लांट, प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड और मड़वा पावर प्लांट की दमकल टीमों ने संयुक्त प्रयास से कई घंटों की कठिन मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग का संभावित कारण माना जा रहा है, राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आर्थिक नुकसान लाखों रुपये में आँका जा रहा है, घटना के बाद व्यापारियों और नगर वासियों ने नगर में फायर ब्रिगेड की स्थायी सुविधा न होने पर गहरी नाराजगी जताई। उनका कहना है कि वर्षों से आगजनी की समस्या को देखते हुए मांग की जा रही है, लेकिन प्रशासन की अनदेखी के कारण हर बार नुकसान नागरिकों को उठाना पड़ता है। घटना के बाद आज नगर पंचायत शिवरीनारायण के सभागार में एक आपात कालीन समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। जिसमें उप प्रभागीय मजिस्ट्रेट सुब्रत प्रधान को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी गई। आश्वासन दिया और कहा जल्द से जल्द उच्च अधिकारी को अवगत कराकर अग्निशमन दमकल गाड़ी की सुविधा उपलब्ध करायेंगे। इस दौरान व्यापारियों ने नगर में स्थायी फायर ब्रिगेड सुविधा शीघ्र शुरू करने की मांग रखी। बैठक में नगर पंचायत ▸▸ शेष पेज 13 पर

## सागौन के गोले जब्त रेंजर ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गिधौरी

वन परिक्षेत्र बिलाईगढ़ में नवपदस्थ रेंजर एमएल बंजारे के नेतृत्व में लगातार की जा रही कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा है। 7 अक्टूबर को रेंजर बंजारे व उनकी टीम ने ग्राम बांस उरकुली के टावर पास से लावारिस हालत में सागौन लकड़ी के तीन बड़े गोले जब्त किए। कुल 1.663 घन मीटर की इस इमारती लकड़ी की कीमत लगभग पौने दो लाख आंकी गई है।

- कार्रवाई के दौरान शिकारी पकड़ाया भेजा जेल

रेंजर बंजारे ने बताया कि जब्त सागौन लगभग 60 से 70 वर्ष पुरानी लकड़ी है, जिसे आरा से काटा गया था। एक व्यक्ति पूरन प्रताप सिंह ने लकड़ी पर दावा किया, परंतु वैध दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26(1)(च) के तहत लकड़ी को जब्त कर लिया गया।

इसी परिक्षेत्र के सलीहा सर्किल में वन्य प्राणी शिकार के प्रयास में आरोपी चंदन सिंह गोड़ 33 को करंट लगाकर शिकार करने के प्रयास के दौरान रंगे हाथ पकड़ा गया। उसके पास से दो किलो जीआई तार और 62 प्लास्टिक गुटका जब्त किए गए। आरोपी को न्यायालय में पेश कर सारंगढ़ उपजेल भेजा गया।

इस कार्रवाई में रेंजर एमएल बंजारे, डिप्टी रेंजर धर्मेंद्र कर्ष, वनरक्षक अरविंद कर्ष, अश्वनी हिरवानी, राकेश चंद्रा व अन्य स्टाफ शामिल रहे।

## स्कूल के फर्नीचर को बेचने के आरोप में प्रभारी प्राचार्य निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

स्कूल का फर्नीचर बेचने के मामले में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टुण्डरा के प्रभारी प्राचार्य रमेशर बंजारे को संचालक लोक शिक्षण द्वारा निलंबित कर दिया गया है।

- शिकायत के बाद शिक्षा विभाग ने करायी जांच बिक्री के मिले सुराग

जानकारी के अनुसार उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय टुण्डरा के प्रभारी प्राचार्य रमेशर बंजारे के विरूद्ध शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की सहमति से विद्यालय के टेबल-बेंच (फर्नीचर) को निजी विद्यालयों को बेच देने के संबंध में ग्रामवासियों द्वारा विरोध एवं 13 सितम्बर को विकासखंड शिक्षा अधिकारी कसडोल को दूरभाष प्राप्त मौखिक शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा तहसीलदार टुण्डरा, विकास खंड शिक्षा अधिकारी कसडोल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कसडोल, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कसडोल तथा संकुल समन्वयक टुण्डरा, नरघा एवं कुम्हारी के द्वारा स्थल में निरीक्षण एवं जांच करायी गयी। स्थल निरीक्षण एवं जांच में शाला के प्रभारी प्राचार्य रमेशर बंजारे द्वारा निजी विद्यालयों को शाला के उपयोगी टेबल-बेंच (फर्नीचर) ज्ञान अमृत विद्याालय टुण्डरा को 67 नग टेबल-बेंच एवं धाविका पब्लिक स्कूल शिवरीनारायण जिला-जांजगीर चांपा को 40 नग शाला प्रबंधन एवं विकास समिति द्वारा अनुशंसा कर बेचने में श्री बंजारे की संलिप्तता पाये जाने से प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया। प्रभारी प्राचार्य के उक्त कृत्य को पदीय उत्तरदायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता माना गया जो छतीसगढ़ ▸▸ शेष पेज 13 पर




## 29 लोगों का दल श्रीरामलला दर्शन के लिए अयोध्या रवाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा

राज्य सरकार अयोध्या धाम में श्री राम लला के दर्शन योजना अंतर्गत सिमगा ब्लॉक के 29 लोगों को भगवान श्री राम लला के दर्शन हेतु भेजा गया। इस दौरान दर्शनार्थियों में भारी खुशी थी। सभी दर्शनार्थियों को रवाना करते हुए जनप्रतिनिधियों ने सभी को बधाई दी। एवं भगवान राम सहित अयोध्या धाम दर्शन कर सकुशल वापसी को कामना भी की गई। उक्त मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ दौलत पाल, मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी. उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, जनपद सभापति चन्द्र प्रकाश टोंडे, नगर पालिका उपाध्यक्ष विकास सोनकर, अभिजीत अवस्थी, टिबू देवांगन, पार्षद प्रतिनिधि अनूप तिवारी, पार्षद विनोद मिश्रा समाज सेवक आदि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## फूड सेफ्टी और खाद्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई, 5 नग घरेलू सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

कलेक्टर के निर्देश पर फूड सेफ्टी और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बुधवार को भाटापारा में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान खेमजी होटल सदर बाजार भाटापारा में कुल 35 प्रकार की मिठाई, नमकीन एवं चांदी वर्क की जांच की गई जिसमें से 33 का रिपोर्ट मानक प्राप्त एवं 2 रिपोर्ट झूठा प्राप्त हुए। घरेलू सिलेंडर का उपयोग किए जाने पर मौके पर 5 नग सिलेंडर जब्त किया गया।

विक्रय हेतु डिस्पले किए गए कुछ नमकीन और खाद्य पदार्थों में नियमानुसार लेबल लगाना नहीं पाया गया। खाद्य तेल का उपयोग 2-3 बार से अधिक उपयोग किए जाने (टीपीएम 25 प्रतिशत से अधिक) पर लगभग 10 लीटर खाद्य तेल नष्ट किया गया। कारखाने में कर्मचारी बिना हैंड ग्लव्स, हेड गियर एवं एप्रन के कार्यरत थे। संस्था में कोई व्यक्ति फास्टैक ट्रैन्ड नहीं मिला। फूड पार्सल के लिए न्यूज पेपर का उपयोग किया जाना पाया गया। कार्यरत कर्मचारियों का एनुअल मेडिकल सर्टिफिकेशन नहीं पाया गया। उपरोक्त बिन्दुओं पर नोटिस जारी कर 7 दिवस के भीतर सुधार का निर्देश दिया गया एवं घरेलू सिलेंडर का उपयोग किए जाने पर मौके पर पाए जाने पर 5 नग सिलेंडर जब्त किया गया।



**परिवार और समाज का नाम रोशन किया**

# राष्ट्रीय स्तर पर स्टेनोग्राफी परीक्षा में उमा बारले ने किया प्रथम स्थान प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ संडी बंगला

छत्तीसगढ़ की होनहार बेटी उमा बारले ने स्टेनोग्राफी एण्ड सेकेट्रियल असिस्टेंट परीक्षा में देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने परिवार, जिले और समाज का नाम गौरवान्वित किया है।

वहीं छत्तीसगढ़ संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ के प्रांताध्यक्ष एवं समाजसेवी विक्रम राय गुरुजी उनके निवास पर पहुंचकर साल-श्रीफल भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उमा बारले को इस महान उपलब्धि पर प्रशस्ति पत्र और साल भेंट कर शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



इस अवसर पर समाजसेवी विक्रम राय गुरुजी ने कहा कि गरीब मजदूर की बेटी ने यह साबित कर दिया है कि अगर हौसला और लगन हो तो कोई भी मजबूरी राह में बाधा नहीं बन सकती। मेहनत और शिक्षा से सब कुछ संभव है । उन्होंने आगे कहा कि आज समाज में शिक्षा और संस्कार की अत्यंत आवश्यकता है। युवा पीढ़ी आज नशा और गलत कार्यों की ओर आकर्षित हो रही है। ऐसे में माता-पिता का यह दायित्व है कि वे अपने बच्चों को शिक्षा एवं अच्छे संस्कार दें, ताकि समाज में एक बेहतर भविष्य की नींव रखी जा सके।

इस अवसर पर छग संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ के प्रांताध्यक्ष एवं समाजसेवी विक्रम राय गुरुजी अपने पूरे परिवार सहित तथा सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप कुर्रे (बेरला) उपस्थित रहे और उमा बारले को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## नशीलीदवा, ब्राउन शुगर व 175 किलो गांजा किया गया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

बुधवार को जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में जप्त अवैध मादक पदार्थ गांजा, नशीले टैबलेट एवं ब्राउन शुगर का नष्टीकरण किया गया। इस दौरान एनडीपीएस एक्ट के 12 मामलों मे जप्त कुल 175.472 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं 01 प्रकरण में 31 नग नशीली टैबलेट एवं 1.85 एम जी ब्राउन शुगर की विधिसम्मत नष्टीकरण की कार्यवाही एनडीपीएस एक्ट अधिनियम में निहित प्रावधान के अंतर्गत नियमानुसार अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र रावन के फर्नेस मे मादक पदार्थों को जलाकर की गई।



उपरोक्त नष्टीकरण की कार्यवाही केंद्रीय गृह मंत्रालय, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो व पुलिस मुख्यालय के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से विधिवत अनुमति प्राप्त कर जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी बलौदाबाजार-भाटापारा के अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में, सदस्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिला आबकारी अधिकारी बलौदाबाजार एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति में की गई।

## खबर संक्षेप

### आप की विधानसभा स्तरीय बैठक हुई

**महासमुंद।** ग्राम रायमुड़ा में ब्लाक व सर्कल प्रभारी की विधानसभा स्तरीय बैठक हुई। इसमें संगठन को मजबूती के लिए सभी प्रभारियों की कार्यशाला आयोजित की गई थी। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक गाँव में कम से कम 10 समर्पित कार्यकर्ताओं को जोड़ना है। विधानसभा में लगभग 200 से ऊपर गाँव है। आने वाले चुनाव में आम आदमी पार्टी 90 विधानसभा में बगैर किसी गठबंधन के चुनाव लड़ेगी। केन्द्रीय कार्यालय इस पर निगाह बनाए हुए हैं। हर विधानसभा का अलग-अलग रिव्यू प्रतिदिन राज्य कार्यालय से केंद्रीय कार्यालय जाता है। बहुत जल्दी जिला स्तरीय बैठक होगी। चारों विधानसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक आने वाले समय में रखी जाएगी। जिसमें दिल्ली से राष्ट्रीय कार्यकारिणी के मेंबर उपस्थित रहेंगे। बैठक में जिलाध्यक्ष राकेश झाबक, राज्य संगठन मंत्री संजय यादव, महासचिव मधु यादव, सुरेश कुमार, मनराखन यादव, विजय यादव, सदाराम यादव, रमेश यादव आदि उपस्थित रहे।

### बृजराज स्कूल में हुआ सामाजिक अंकेक्षण

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन पीएमश्री बृजराज महासमुंद में किया गया, इसका मुख्य उद्देश्य विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन, विद्यार्थियों की सीखने की दक्षता का मूल्यांकन तथा सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा। अभियान के माध्यम से अभिभावकों, शिक्षकों, एसएमसी सदस्यों एवं समुदाय को विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों में जोड़ा गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षण व्यवस्था बच्चों की उपस्थिति सीखने के स्तर शैक्षिक संसाधनों के उपयोग तथा विद्यालय वातावरण का सामूहिक आकलन किया गया। इस अवसर पर कक्षा चौथी से दक्ष साहू के पिता दुर्गेश साहू व माता सत्तू साहू द्वारा न्योता भोज दिया गया। इसमें चावल, दाल, सब्जी के साथ केला, जलेबी परोसा गया।

### बरकेलकला में किया गया पौधरोपण

**झलप।** एक पेड़ मां के नाम भारत का एक सामूहिक वृक्षारोपण अभियान है। ग्राम पंचायत बरेकेलकला के पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में शिक्षकगण, शाला विकास समिति और सरपंच, पंच दिगेश्वर प्रवीण टंडन, उपसरपंच राकेश कुमार टंडन, अध्यक्ष देवनारायण चक्रधारी, उपाध्यक्ष गणेश मूर्ति, धनीराम जांगड़े, अनिता नेमीचंद वर्मा, अमिता चंद्र गुप्त, सत त्रिलोचन द्वारा एक पेड़ मां नाम के तहत पौधारोपण किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने के लिए प्रोसाहित करना है। ताकि, वे अपनी मां के प्रति अपना प्रेम, सम्मान और आभार व्यक्त कर सके। साथ ही धरती मां की रक्षा करने और हरियाली बढ़ाने का संकल्प ले सके यह पहल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देती हैं और लोगों में प्रकृति के प्रति जागरुकता पैदा करती है।

## पेज 11 का शेष

### शिवरीनारायण बॉम्बे...

अध्यक्ष राहुल थवाईत, सीएमओ कन्हैया लाल निर्मलकर, थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी, सहित नगरवासी और व्यापारी ने सैकड़ों संख्या में उपस्थित रहे। आग लगने का कारण अब तक पता नही चल सका है और मामले की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। क्योंकि लगातार ऐसी घटनाएं अनेकों बार हो चुकी है फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### स्कूल का फर्नीचर...

सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 का उल्लंघन है। परिणामस्वरूप रमेशर बंजारे, प्रभारी प्राचार्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9(1) (क) के प्रावधान अनुसार तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा नियत किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

स्वदेशी उत्पादों से मजबूत होगी स्थानीय अर्थव्यवस्था, 'वोकल फॉर लोकल' पर कलेक्टर ने किया आह्वान

# वोकल फॉर लोकल' पर चैंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




जिले में स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने और स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बुधवार को 'वोकल फॉर लोकल' विषय पर चैंबर ऑफ कॉमर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बलौदाबाजार, भाटापारा, कसडोल, पलारी, लवन और रोहांसी सहित जिलेभर से व्यापारी एवं व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर ने की, जिन्होंने स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त कदम बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने हेतु स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आह्वान किया है, वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी प्रदेश में स्थानीय उत्पादों के उपयोग को प्रोत्साहन देने पर बल दे रहे हैं।

कलेक्टर ने कहा कि जिले के कुटीर उद्योगों, स्व सहायता समूहों और स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों को बाजार में प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि "जब हम अपने आस-पास निर्मित वस्तुओं का उपयोग करेंगे, तो जिले की लोकल इकॉनमी को गति मिलेगी, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और पारंपरिक कला एवं शिल्प को भी संरक्षण प्राप्त होगा।" उन्होंने व्यापारिक संगठनों से स्थानीय उत्पादों के प्रचार-प्रसार में सहयोग की अपील की।

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि प्रशासन और व्यापारियों के परस्पर सहयोग से जिले की अर्थव्यवस्था को और सशक्त बनाया जा सकता है। वहीं, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष जुगल भट्टर ने कलेक्टर को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए व्यापार से जुड़ी समस्याएं रखीं। उन्होंने जिला मुख्यालय के प्रमुख मार्गों पर पार्किंग, सार्वजनिक शौचालय और महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट की आवश्यकता पर बल दिया।

श्री भट्टर ने त्योहारी सीजन में ग्राहकों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन से जांच एवं हेलमेट चेकिंग की कार्यवाहियों को नियंत्रित करने का अनुरोध किया, ताकि बाजारों में खरीदारी का माहौल सहज और सुरक्षित बना रहे।

बैठक मे जितेंद्र म्हाले, जितेंद्र डडसेना, शशिभूषण शुक्ला, श्याम सुंदर केसरवानी, बद्री केसरवानी, राज नारायण केसरवानी सहित पूरे जिले के व्यापारीगण बड़ी संख्या में उपस्थिति रहे

# करवा चौथ व्रत की तैयारी में सजीं दुकानें बाजार का बढ़ा रौनक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

■ करवा चौथ व्रत की तैयारी में सजी दुकान बाजार हुआ रौनक

पतियों के लिए रखे जाने वाले पवित्र करवा चौथ व्रत को लेकर वि वा हि ता ओं तैयारी तेज कर दी है। अखंड सौभाग्य एवं घर परिवार में सुख शांति की कामना लिए महिलाएं शुक्रवार को करवा चौथ का व्रत रखेंगी। इस अवसर पर चांद का दर्शन व पूजा कर करवा चौथ का पर्व मनाएगी। पर्व के लिए बाजार में पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी हुई है जिसकी जमकर खरीदी भी की जारी है।

शरद पूर्णिमा पर्व के बाद कार्तिक माह में लगातार त्योहारों का क्रम शुरू होने वाला है। विशेष कर सुहागिनों का बड़ा पर्व करवा चौथ कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाएगा। सौभाग्य एवं घर परिवार में सुख शांति की कामना लिए इस दिन महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रखेंगी। रात्रि में चांद का दर्शन करने के पश्चात ही व्रत खोलेगी।

# ग्राम मुड़पार में उत्साह और श्रद्धा के साथ शरद पूर्णिमा समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



■ प्रसादी वितरण, सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल

ग्राम मुड़पार में शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति ट्रस्ट के तत्वावधान में हृदय स्थल दुर्गा चौक पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन विगत कई वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े उत्साह एवं श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष तान सिंह साहू, कोषाध्यक्ष दुखहरण साहू, सचिव दामोदर प्रसाद ध्रुव, संयोजक इतवारी राम यादव एवं पंचूराम साहू सहित अनेक सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष सहयोग भुनु धूरू, अशोक यादव, दिनेश कुमार यादव, हरिराम वर्मा, भाव सिंह निषाद, हीरा दास मानिकपुरी, मूलचंद साहू, राजाराम वर्मा, समलू ध्रुव, पंडा बाबा, डोमार साहू एवं युवा नेता द्वारा दिया गया। शरद पूर्णिमा के इस पावन पर्व पर खीर एवं नारियल का प्रसाद भव्य रूप से वितरण किया गया। मोहल्ले एवं ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर सैकड़ों श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया और एक-दूसरे को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस आयोजन के माध्यम से ग्राम मुड़पार में आपसी एकता, संगठन एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया, जो ग्राम की समृद्ध परंपरा और संस्कृति की मिसाल प्रस्तुत करता है।

# ग्राम अर्जुनी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100वीं वर्षगांठ पर भव्य पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

■ पंच परिवर्तन से देश का सर्वांगीण विकास संभव – तुलेन्द्र वर्मा

संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर ग्राम अर्जुनी में मंडल स्तरीय पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त सैनिक सुनील कुमार वर्मा, खंड संघचालक तुलाराम वर्मा, सहसंचालक नरसिंह वर्मा एवं मुख्य वक्ता जिला सहकार्यवाह तुलेन्द्र वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तुलेन्द्र वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सौ वर्ष की यात्रा सेवा, संस्कार और समर्पण की अखंड यात्रा रही है। 1925 में डॉक्टर हेडगेवार द्वारा लगाए गए छोटे से बीज ने आज विशाल वटवृक्ष का रूप ले लिया है। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक सदैव राष्ट्रहित में बिना स्वार्थ के कार्य करते हैं, चाहे वह आपदा राहत हो, सामाजिक समरसता या राष्ट्र रक्षा ।

वर्मा ने कहा कि संघ का शताब्दी वर्ष केवल उत्सव नहीं, बल्कि नए संकल्प का अवसर है। उन्होंने "पंच परिवर्तन" की बात करते हुए कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों का पालन प्रत्येक स्वयंसेवक का ध्येय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक इन पांच परिवर्तनों को अपने जीवन में अपनाएं, तो भारत का सर्वांगीण विकास निश्चित है।



# वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी स्पर्धा में अश्विनी तिर्की रही प्रथम







**बलौदाबाजार।** वाइल्डलाइफ वीक के अवसर पर बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में कैप्चर टू कंजर्व विषय पर आयोजित वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी प्रतियोगिता के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं।

वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने बताया कि प्रतियोगिता में दुबे कॉलोनी रायपुर के अश्विनी तिर्की ने प्रथम, सरोना रायपुर के आलोक सिंह ने द्वितीय और बालोद के लोकेंद्र भंडारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। अश्विनी तिर्की ने अपने द्वारा खींची तस्वीर को 'प्रीडेटर्स ऑफ़ डिफरेंट स्काइज़'नाम दिया जिसमें उन्होंने जंगल में एक ही समय में एक बाघ और उल्लू को अपने कैमरे के लेंस में क़ैद किया है। वहीं आलोक सिंह ने अपनी कृति को 'मदर एंड कब' नाम दिया जिसमें मादा तेंदुआ अपने शावक के साथ पेड़ की शाखा पर विश्राम करती नजर आ रही है। इसी प्रकार लोकेंद्र भंडारी ने अपनी कृति को 'मदर्स लव' नाम दिया, जिसमें मादा हाथी अपने बच्चे को स्नेह करती नज़र आ रही है। इस प्रतियोगिता में राज्य भर के 96 फोटोग्राफर्स ने हिस्सा लिया था।

# दतान (ख) विद्यालय में वायुसेना दिवस पर वीर जवानों को सलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान (ख), बगबुड़ा में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भारतीय वायुसेना दिवस को उत्साह के साथ मनाया। यह आयोजन संस्था के प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी चन्द्र कुमार बंछोर (भूतपूर्व सैनिक) के मार्गदर्शन में किया गया।

वायुसेना दिवस के अवसर पर स्वयंसेवकों ने चित्रकला एवं मॉडल बनाकर भारतीय वायुसेना के वीर जवानों को सलामी दी और उनके शौर्य को नमन किया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर महिलागे, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष कंश राम निषाद, पालक समिति के अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर एवं जनप्रतिनिधि गोर्वधन ध्रुव, गीता मिरी, शश्रुहन सिन्हा उपस्थित रहे। एनएसएस के पदाधिकारियों में अध्यक्ष दुगेशवरी चेलक, उपाध्यक्ष साधना यादव, नंदनी धीवर, यमुना धीवर, लेखा धीवर, और वर्षा धीवर ने सक्रिय भागीदारी निभाई।




### प्राचार्य ने बताया भारतीय सेना का पराक्रम

*संस्था के प्रभारी प्राचार्य, जो स्वयं भारतीय थल सेना से रिटायर्ड फौजी हैं, ने सभी स्वयंसेवकों और जनप्रतिनिधियों को भारतीय वायुसेना दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत की तीनों सेनाएं विश्व की नम्बर वन सेना हैं और विश्व के सभी देशों ने भारतीय सेनाओं के पराक्रम की सराहना की है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि भारतीय वायुसेना ने 'ऑपरेशन सिंधु' (संभवतः 'ऑपरेशन बालाकोट' या किसी अन्य सफल ऑपरेशन का जिक्र) में पाकिस्तान के आतंकवादी ट्रेनिंग सेंटर को ध्वस्त कर दिया था। उन्होंने यह भी बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ में भी भारत के तीनों सेनाओं के जवान विश्व शांति के लिए 'शांति दूत' के रूप में काम कर रहे हैं। सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर महिलागे ने भी एनएसएस स्वयंसेवकों को भारतीय वायुसेना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।*

# कुर्मी समाज की बैठक संपन्न





**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज की बैठक राज प्रधान सुनीता वर्मा की अध्यक्षता में बरडीह के हाईस्कूल प्रांगण में आयोजित की गई, जहां (1) आगामी फरवरी 2026 में पहली बार हमारे बलौदाबाजार राज में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के होने वाले महाधिवेशन हेतु स्थान चयन (2) प्राप्त 19 प्रकरणों की सुनवाई किये गये। जिनमें 16 प्रकरणों में सुख-दुख में एकदुसरे का सम्मान करते हुए चलने की समझाइश देकर दांपत्य-जीवन निर्वहन करने बैठक स्थल से ही दंपत्ति को राजी खुशी एक साथ घर भेजकर निराकरण किया गया। शेष 3 प्रकरण पक्षकारों की अनुपस्थिति के कारण पेंडिंग रखें गये, इस दौरान तिल्दा राज प्रधान ठाकुर राम वर्मा, रायपुर राज प्रधान जागेश्वर प्रसाद वर्मा, पूर्व राज प्रधान तिल्दा राज तोरण नायक, संरक्षक नरसिंह वर्मा, राज मंत्री द्वारिका वर्मा, उप राजप्रधान किर्ति वर्मा, सचिव प्रदीप बघमार, मिडिया प्रभारी महेश वर्मा, मन्नुलाल वर्मा, ईश्वरी वर्मा, हेमिन वर्मा, नगर महिला अध्यक्ष सरिता नायक, नगर अध्यक्ष हेमंत टिकरिहा, कुर्मी मंगल भवन प्रभारी गणेश बघमार, कोमल वर्मा, भुपेंद्र वर्मा, मदन वर्मा, पुर्व सरपंच बरडीह भागी वर्मा एवं क्षेत्र प्रधान, ग्राम प्रमुख तथा समाज के महिला-पुरूष, युवक-युवती बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मतदाता जागरुकता के लिए उच्च शिक्षण संस्थानों में अकादमिक प्रतियोगिताएं आयोजित करने के निर्देश

**महासमुंद।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने जिले के समस्त उच्च शैक्षणिक संस्थानों में मतदाता जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से निर्धारित अवधि 15 अक्टूबर 2025 तक विभिन्न अकादमिक प्रतियोगिताओं का आयोजन के निर्देश दिए हैं। गतिविधियों में परिचर्चा अंतर्गत लोकतंत्र बनाम चुनावी राजनीतिः क्या हम असली मुद्दों से भटक रहे है। निबंध प्रतियोगिता अंतर्गत लोकतंत्र में निर्वाचन प्रक्रिया पर मीडिया की भूमिका, नुक्कड़ नाटक एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित तथा नारा लेखन एवं वीडियो प्रस्तुति प्रतियोगिता आयोजित किया जाना है। कलेक्टर ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ईसीनेट मोबाईल एप्प को महाविद्यालयीन सभी छात्र-छात्राओं को अपने मोबाईल पर डाउनलोड के लिए प्रेरित करने तथा इसके माध्यम से मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, नाम डिलीट करने व नाम को एक स्थान से अन्यत्र स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए ऑनलाइन फॉर्म 6, 7 एवं 8 भरने की क्रियाविधि की जानकारी दिए जाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया में किए गए 29 नवाचारों की जानकारी भी प्रदान करने कहा है।



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
03 अक्टूबर 2025 SHOW TIME
कांतारा-2
शो समय -12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
सन्नी संस्कारी की तुलसी कुमारी
शो समय - 03:00, 06:00, 9:00 PM
गुरु बालकदास
शो समय - 12:00 PM
book my show पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## तरेंगा हायर सेकंडरी में सांसद बृजमोहन ने किया खेल महोत्सव का शुभारंभ

# सांसद खेल महोत्सव से ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगी उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

विधानसभा के तरेंगा स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय से रायपुर सांसद खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं भाजपा नेता शिवरतन शर्मा की अतिथिया में किया गया। पहले ही दिन 10 खेलों में लगभग 900 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमें स्कूली विद्यार्थी, ग्रामीण खिलाड़ी और स्थानीय युवाओं का उत्साह देखने योग्य रहा। कबड्डी के फाइनल मुकाबले में बिजराडीह टीम ने सूरजपुरा को हराकर ब्लॉक स्तर पर अपनी जगह बनाई। अब ब्लॉक विजेता टीमें राजधानी रायपुर में नवंबर में होने वाले फाइनल मुकाबले में अपनी प्रतिभा दिखाएंगी।

विदित हो की 7 से 11 अक्टूबर तक भाटापारा, सिमगा और बलौदाबाजार में 13 खेलों का आयोजन किया जा रहा है। कुश्ती, खो-खो, गेड़ी दौड़, फुगड़ी, रस्सा-कस्सी, रस्सी कूद, कबड्डी, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, शतरंज, तैराकी, भारोत्तोलन और शरीर सौष्ठव जैसे खेलों में युवा अपनी ताकत, प्रतिभा और अनुशासन का प्रदर्शन कर रहे हैं। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में विभिन्न खेल और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई पहल की जा रही हैं। इस कड़ी में सांसद खेल महोत्सव ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध करवाने का अहम कार्य करेगा। अग्रवाल ने कहा कि ये आयोजन रायपुर संसदीय क्षेत्र में युवाओं की खेलों के रुचि और सहभागिता को बढ़ाएगा। सांसद ने कहा की खेल व्यक्ति में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का संचार करते हैं। युवा शक्ति जब मैदान में उतरती है, तभी राष्ट्र नई ऊंचाइयों को छूता है।



### खेल केवल जीत-हार नहीं, जीवन का उत्सव है : शिवरतन शर्मा

भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कहा की खेल केवल जीत हार नहीं, जीवन का उत्सव हैं। यह आयोजन युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया संकल्प से जोड़ने वाला प्रेरक मंच है जो स्वस्थ तन, सशक्त मन और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सशक्त पहल है। इस खेल महोत्सव से हमारे युवाओं में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा, अनुशासन और एकता की भावना और भी प्रबल होगी।

### करोड़ों के विकास कार्यों का शिलान्यास

रायपुर सांसद खेल महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर भाटापारा के तरेंगा में 1.64 करोड़ की लागत से बनने वाले 3.15 एमवीए 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र का शिलान्यास एवं अन्य करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया। यह उपकेंद्र क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को और अधिक सुगम, स्थिर और निर्बाध बनाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों, किसानों, विद्यार्थियों और स्थानीय उद्योगों को विशेष लाभ मिलेगा। इस अवसर पर नगर सैनिक दल में चयनित 50 खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सविता, सभापति ईशांत वैष्णव, कलेक्टर दीपक सोनी, पूर्व जिला महामंत्री राकेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सुनील यद्दु, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी, खेल प्रेमी और स्थानीय लोग उपस्थिति थे।

## राजादेवरी में मना दशहरा उत्सव विधायक कविता शामिल हुईं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गिधौरी

वनांचल क्षेत्र के हृदय स्थल ग्राम राजादेवरी में 7 अक्टूबर को भव्य दशहरा उत्सव का आयोजन हुआ। इसमें बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान द्वारा किया गया था। इस अवसर पर रायपुर की प्रेम सुधा स्टार नाइट टीम के कलाकारों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

विधायक लहरे ने राजादेवरी पहुंचकर पूर्व जमीदार रानी रुक्मणी शाह और स्वर्गीय लाल भुवनेश्वर शाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा इष्ट देव की पूजा अर्चना की। मंच से संबोधित करते हुए उन्होंने क्षेत्रवासियों को दशहरा, दीपावली की शुभकामनाएं दीं और समाज को मांस, मदिरा व जुआ जैसी बुराइयों से दूर रहकर शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति करने का संदेश दिया।

इस कार्यक्रम में सोनाखान व आसपास के 80 से अधिक गांवों से सैकड़ों कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, युवा व महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में युधिष्ठिर नायक, नलकुमार पटेल, गोपाल पटेल, डिगेश यादव, हेमलाल पटेल, कपिल देव नायक, अमजद खान और जान मोहम्मद खान सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। मंच संचालन धनीराम नाग ने किया और आभार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक ने व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### शरद पूर्णिमा संजय भूषण ने बहाई भक्ति की अमृतधारा



**गोपालपुर।** शरद पूर्णिमा की चांदनी रात में जब आकाश अमृत वर्षा से सराबोर था, संजय भूषण पांडे ने ग्राम खोखसीपाली में बैगा फिरतूराम बासौड़ा के आंगन में कदम रखकर एक अविस्मरणीय भक्ति उत्सव का आगाज किया। देवी-देवताओं के आशीर्वाद से सुसज्जित इस पावन स्थल पर पांडे ने अपने मधुर स्वरों और खनझनी की मंत्रमुग्ध कर देने वाली झंकार से भक्तों का मन मोह लिया। भगत और भक्तों के साथ मिलकर उन्होंने भक्ति भजनों पर झूमते-नाचते हुए पूरे वातावरण को आध्यात्मिक रंगों से सराबोर कर दिया। उनकी सुमधुर वाणी और उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने हर दिल को भक्ति के सागर में डुबो दिया, मानो स्वयं माँ शारदा और भगवान का आलौकिक सान्निध्य वहां उपस्थित हो। इस अनुपम भक्ति संध्या के लिए संजय भूषण पांडे को हृदय की गहराइयों से कोटि-कोटि धन्यवाद। आपकी यह भक्ति भरी प्रस्तुति ग्रामवासियों के लिए एक अविस्मरणीय सौगात बन गई।

### न्योता भोज में परोसा गया खीर, पूरी और जलेबी



**मुंडा।** ग्राम पंचायत मुंडा के आश्रित ग्राम ढनढनी के प्राथमिक शाला में जितेंद्र खूटे जे के ट्रेडर्स के पुत्र जयस कुमार खूटे के जन्मदिन पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। इसमें सभी छात्र-छात्राओं को खीर, पूरी, सब्जी, जलेबी, केला परोसा गया, जिसमें सम्मिलित शाला समिति के अध्यक्ष दुर्गेश खूंटे, उपाध्यक्ष सरस्वती रात्रे, देवानंद, रवि चतुर्वेदी, दिलीप कोसले, घना जोशी व स्टाफ से सोनकर, लतीफ साहू, तोरेद पुरेना समिति के सदस्य सम्मिलित रहे।

### सेमरिया-चंदखुरी सड़क मार्ग का होगा डामरीकरण

**भाटापारा।** भाटापारा-सेमरिया चंदखुरी सड़क मार्ग का डामरीकरण कार्य स्वीकृत हो चुका है और जल्द इसी माह सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ हो जायेगा। इस प्रक्रिया के दौरान करीब डेढ़ माह तक दोनों ओर यातायात को रोका जायेगा, क्योंकि यातायात प्रारंभ रहा तो डामरीकरण नहीं हो पायेगा। इस संबंध में प्रभारी संदीप चौबे ने बताया कि सेमरिया घाट शिवनाथ नदी पर बना पुल जिसका निर्माण 1976 में किया गया है और पुल करीब 338 मीटर है। पुल के उपर जो डामरीकरण का कार्य होगा, इसके चलते यातायात को रोकना आवश्यक है। इसके लिए विभाग से परमीशन भी ले लिया गया है। चौबे ने बताया कि डामरीकरण और कांक्रीटीकरण होने के बाद बाढ़ के पानी का प्रभाव पुल की सड़क पर नहीं पड़ेगा। इस पुल की चौड़ाई 7.50 मीटर है। इस मार्ग से बिलासपुर की ओर जाने वाले वाहनों को डेढ़ माह तक पुलिया से यातायात बंद रखा जायेगा।

## पूर्व माध्यमिक और प्राथमिक शाला में हुआ सामाजिक अंकेक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति नेप 2020 के मंशानुरूप मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025-26 के लिए पूर्व माध्यमिक, प्राथमिक शाला खरोरा में सामाजिक अंकेक्षण का कार्य किया गया। इस अंकेक्षण के लिए एक से लेकर पांच अंकों तक के 20 प्रश्नावली तैयार किए गए थे। जिसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के सहायक सामग्री, संकेतक, लर्निंग आउट कम, अनुलग्नक के माध्यम से विद्यालय में विद्यार्थी के शैक्षणिक स्तर, पी एम पोषण, विद्यालय में चल रही विभिन्न गतिविधियों का आकलन किया गया। सामाजिक अंकेक्षण के लिए पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव की प्रधान पाठक ईश्वरी पांडेय टीम लीडर थी। चन्द्रशेखर साहू ने नोडल शिक्षक के रूप में सहयोग किया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विजय शर्मा, शिक्षा विद् सदस्य सुरेश कुमार साहू, राम सिंह घिलहरे, सदस्य भूपिंदर सिंह सलूजा, उषा वर्मा, नेहा चौहान, वार्ड पार्षद, जन समुदाय से पालकगण, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर संकुल समन्वयक देवेन्द्र सिंह ठाकुर ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में न्यौता भोजन करवाया, जिसमें उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों को खीर और केला, मिठाई, परोसा गया। शाला में उपस्थित कुल 402 लोगों को इसका लाभ मिला। संस्था प्रमुख सुशीला वर्मा ने न्यौता भोजन करवाने के लिए संकुल समन्वयक का आभार व्यक्त किया।

## रामलला दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का दल अयोध्या रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी

श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में विराजित भगवान रामलला के दर्शन के लिए पलारी ब्लॉक से 34 श्रद्धालुओं का जत्था बस से अयोध्या रवाना हुआ। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, मनोज आडील, चरण तेरहवंश, सीईओ पन्ना लाल ध्रुवे, सीएमओ मनोज बंजारा, महेंद्र वर्मा, चूड़ामणि साहू ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया गया। नगर अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि यह यात्रा न केवल आध्यात्मिक बल्कि सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। राम लला के दर्शन से आत्मिक शांति मिलती है और अयोध्या की यात्रा जीवन की एक अविस्मरणीय अनुभव है। श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षा, भोजन, दवा, पेयजल और गाइड की व्यवस्था की गई है। जत्थे के रवाना होते ही यात्रियों में उल्लास, भक्ति और समर्पण का माहौल देखने को मिला। यात्रा के अनुरक्षक चुरामणि साहू ने बताया कि जत्था चार दिवसीय यात्रा के दौरान अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, हनुमानगढ़ी, सरयू घाट और अन्य प्रमुख स्थलों के दर्शन करेगा। तीर्थयात्रियों में ढेलू वर्मा, शकुन वर्मा, मंशाराम, हर्षू वर्मा, रेवाराम साहू, सुखबती साहू, कांति बाई, रेवती साहू, कांति साहू, कामता प्रसाद साहू, सुखलाल प्रसाद, खेदिया बाई, परमेश्वरी बैरागी, सेवती बैरागी, विष्णु ध्रुव, गंगा बाई ध्रुव, बुधियारिन, रूखमणि, उर्मिला सेन, हुमेश्वर सेन, श्याम बाई साहू, दशरथ यादव, रामलाल, दुर्गा ध्रुव, सीरीज बाई, पुनाराम, जानकी धीवर, शकुंतला वर्मा, आशाराम आदि उपस्थित थे।

### 163 तीर्थयात्रियों का दल अयोध्या के लिए रवाना

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ सरकार की श्रीराम लला दर्शन योजना के तहत बलौदाबाजार जिले से कुल 163 तीर्थयात्री अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। श्रद्धालुओं को इस योजना के अंतर्गत विशेष ट्रेनों के माध्यम से श्रीराम लला के दर्शन हेतु अयोध्या भेजा जा रहा है। इस यात्रा में उन्हें काशी विश्वनाथ मंदिर एवं गंगा आरती के दर्शन का भी अवसर प्राप्त होगा।

जिले के भाटापारा, पलारी, कसडोल, सिमगा एवं बलौदाबाजार क्षेत्रों से चयनित तीर्थयात्रियों को जिला मुख्यालय से बलौदा बाजार (ग्रामीण) मंडल अध्यक्ष रवि शंकर वर्मा, लवन मंडल महामंत्री नरेश साहू तथा योजना प्रभारी रेवाराम साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शासकीय अनुरक्षक के रूप में जनपद पंचायत बलौदाबाजार से हरिकिशन वर्मा, भाटापारा से राधेश्याम टंडन, कसडोल से रामायण पैकरा, पलारी से चूड़ामणि साहू तथा सिमगा से वीरेंद्र साहू तीर्थयात्रियों के साथ रवाना हुए। तीर्थयात्रियों में शामिल नंदनी वर्मा, पुष्पा वर्मा और प्रेमलता साहू ने कहा कि यह योजना छत्तीसगढ़ शासन की अत्यंत सराहनीय पहल है, जिसमें श्रद्धालुओं को पूर्ण सुरक्षा, भोजन, आवास एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इस यात्रा में ग्रामीण अंचल के साथ-साथ नगरीय निकायों पलारी, लवन, कसडोल और बलौदाबाजार नगर के श्रद्धालु भी सम्मिलित हैं।



## संकुल केंद्र पचरी का सामाजिक अंकेक्षण हुआ

**खरोरा।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025-26 के तहत प्रदेशभर के समस्त विद्यालयों में सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में संकुल केंद्र पचरी के विभिन्न विद्यालयों में यह कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में टीम लीडर के रूप में पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा द्वारा पूर्व माध्यमिक शाला आलेसुर में सामाजिक अंकेक्षण का कार्य पालकों एवं ग्रामवासियों के सहयोग से सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि "इस सामाजिक अंकेक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान से आगे बढ़ाकर उन्हें व्यावहारिक, अनुभवात्मक एवं सृजनात्मक शिक्षण से जोड़ना है। इससे छात्रों में रचनात्मकता, महत्वपूर्ण सोच, समस्या समाधान क्षमता, सामाजिक कौशल तथा समग्र व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहन मिलेगा, जो एनसीएफ 2005 की भावना के अनुरूप है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण नरेंद्र कुमार साहू, चंद्रशेखर रात्रे, गीतांजलि यद्दु, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामेश्वर वर्मा, पालकगण पिंकी पाल, मनीषा वर्मा, जितेंद्र वर्मा तथा रसोइया भीषम मानिकपुरी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर विद्यालय की गतिविधियों, संसाधनों और शैक्षिक गुणवत्ता पर रचनात्मक चर्चा की तथा सुधार के सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में टीम लीडर द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों को उनके सहयोग और सहभागिता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



### आत्मानंद स्कूल में 30 छात्राओं को साइकिल वितरित

**पलारी।** स्वामी आत्मानंद विद्यालय पलारी में कक्षा 9 के 30 छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत सायकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अमित वर्मा, पार्षद लेखु वर्मा, पार्षद नेमसिंह बांधे, पार्षद नारायण धीवर, शेरखान प्राचार्य ज्ञानसिंह त्रिपाठी, हेमंत ध्रुव, संतोष यद्दु, के उपस्थिति में छात्राओं को सायकल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि छात्राओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत विद्यालयीन छात्राओं को निःशुल्क सायकल वितरित की गईं। ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों की बालिकाओं को स्कूल आने-जाने में सुविधा होगी। सरस्वती सायकल योजना से न केवल बालिकाओं की शिक्षा में सुधार हो रहा है, बल्कि यह उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त भी बना रही है। छात्राओं ने सायकिल पाकर खुशी जाहिर की और कहा कि अब वे समय पर स्कूल पहुंच सकेंगी और पढ़ाई में कोई बाधा नहीं आएगी।



## स्वामी आत्मानंद जयंती पर निकाली प्रभात फेरी



**खरोरा।** आदर्श ग्राम बरबंदा में इस वर्ष भी स्वामी आत्मानंद महाराज की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः काल प्रभात फेरी से हुई, जिसमें स्वामी आत्मानंद समिति एवं ग्रामवासियों ने भाग लिया। प्रभात फेरी के पश्चात स्वामी आत्मानंदजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रात्रि के समय लीला चौक में भव्य धार्मिक आयोजन हुआ, जिसमें अशोक हरिवंशराय ने महारस प्रसंग का मनमोहक वर्णन प्रस्तुत किया। इसके साथ ही 7 अक्टूबर को अशोक ने केवट के राम प्रसंग पर अपना सारगर्भित वक्तव्य दिया। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद आश्रम से पधारे स्वामी ने रामचरित मानस पर अपनी रचनाओं का वाचन कर उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच मीरा, टिकेश धीवर, बबीता मीणा वर्मा, मनोज वर्मा, ऋषि हेमानंद, हुलेश लक्ष्मीनारायण, वीरेंद्र महेश्वर, रामाधार नायक, भक्तु राम वर्मा, सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उधोराम अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

समारोह का समापन भजन संध्या एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। ग्रामवासियों ने इसे सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

## धान फसल में रोग एवं कीट प्रबंधन के लिए तकनीकी सलाह

# जिले में धान की फसल पर कीट और फफूंद का खतरा बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिले में धान की फसल इस समय बाल निकलने से लेकर दाना भरने की अत्यंत संवेदनशील अवस्था में है। पिछले कुछ दिनों से बनी मौसमी परिस्थितियां हल्की वर्षा, बादल, रात में उच्च आर्द्रता (85-95%), और 25-30C तापमान-फसल के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रही हैं। यह वातावरण फफूंदजनित और जीवाणुजनित रोगों के प्रसार तथा हानिकारक कीटों के प्रकोप के लिए अत्यधिक अनुकूल है। खेतों में घनी बढ़वार और नमी लंबे समय तक बने रहने के कारण ब्लास्ट, शीथ ब्लाइट, और भूरा महुए कीट का प्रकोप तेजी से बढ़ने की आशंका है।



### किसानों के लिए सामान्य सावधानियां

*प्रत्येक 2-3 दिन में खेत का निरीक्षण करें, विशेष रूप से निचले भाग की पत्तियों और तनों को ध्यानपूर्वक देखें। नाइट्रोजन उर्वरक का अत्यधिक प्रयोग न करें, घनी बुआई से बचें, और खेतों में जलभराव की स्थिति को नियंत्रित करें। फसल में हवा का पर्याप्त आवागमन सुनिश्चित करने के लिए जल निकासी की उचित व्यवस्था बनाए रखें।*

### प्रमुख रोग एवं बचाव के उपाय

*किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि वे प्रत्येक 2-3 दिन में खेत की नियमित निगरानी करें और नीचे दिए गए लक्षणों के आधार पर तत्काल उपचार करें। ब्लास्ट रोग पत्तियों पर आँख के समान चौड़े और किनारों पर संकरे धब्बे बनना। रोग बढ़ने पर बालियों की गर्दन काली होकर झुलस जाती है, जिससे दाने नहीं भरते।। ट्राईफ्लोक्सीस्ट्राबिन 25 टेबुकोनाजोल 50% डब्ल्यूबी (0.4 ग्रा./लीटर पानी) का 12-15 दिन के अंतर पर छिड़काव करें। नाइट्रोजन की अतिरिक्त मात्रा न दें। शीथ ब्लाइट निचली पत्तियों की म्यान पर गोल या दीर्घाकार भूरे धब्बे बनना, जो धीरे-धीरे ऊपर की ओर फैलते हैं और पत्तियाँ सूख जाती हैं। हेक्साकोनाज़ोल कवकनाशी (1 मि.ली./लीटर पानी) का छिड़काव करें। संक्रमित पौधों के अवशेषों को खेत से बाहर निकाल दें। शीथ रॉट बालियों के नीचे की म्यान पर भूरे या ग्रे रंग के धब्बे बनना। गंभीर होने पर बालियां सड़ी हुई दिखती हैं और दाने अधूरे रह जाते हैं। कार्बेन्डाजिम 50 डब्ल्यू पी (1 ग्रा./लीटर पानी) या हेक्साकोनाजोल (1 मि.ली./लीटर पानी) का छिड़काव फूल आने से पहले या दाना भरने की प्रारंभिक अवस्था में करें।*

